राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

अपील संख्या :–5868 / 2022

भवानी सिंह राठौड़ (कर्मचारी आई.डी.– आरजेबीएन199503001085)

–अपीलार्थी

<u>बनाम</u>

राजस्थान राज्य जरिये शासन सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर एवं अन्य।

–प्रत्यर्थीगण

प्रस्तुतिकरण की दिनांक	:	10.11.2022
आदेश की दिनांक	:	30.11.2022

उपस्थिति :–
अपीलार्थी की ओर से : श्री नरेन्द्र कुमार सैनी, अभिभाषक

समक्ष :– अनन्त भंडारी, सदस्य (न्यायिक)
शुचि शर्मा, सदस्य

<u>आदेश</u>

1. मामले की आवश्यक प्रकृति को देखते हुए राजस्थान सिविल सेवा (सेवा मामलों के लिए अपील अधिकरण) अधिनियम, 1976 की धारा 4ए के उपबन्ध में शिथिलिता प्रदान करने की प्रार्थना स्वीकार कर अपील पर सुनवाई की गई।

2. अपीलार्थी के अधिवक्ता का तर्क है कि अपीलार्थी वरिष्ठ अध्यापक संस्कृत के पद पर राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, गनोडा जिला बांसवाड़ा में कार्यरत है। आलौच्य आदेश दिनांक 20.10.2022 (अनुलग्नक–1) के द्वारा अपीलार्थी का स्थानांतरण रा.उ.प्रा.स.वि. आनंदपुरी, जिला बांसवाड़ा में किया गया है। उनका तर्क है कि अपीलार्थी का स्थानांतरण बिना किसी प्रशासनिक आवश्यकता के केवल निजी प्रत्यर्थी संख्या 4 को अपीलार्थी के स्थान पर समंजित करने के आशय से किया गया है, क्योंकि निजी प्रत्यर्थी को टीए / डीए प्रदान नहीं किया गया है, जो कि उसकी स्थानांतरण के लिए इच्छा को दर्शाता है। उनका आगे तर्क है कि अपीलार्थी की पत्नी भी राजकीय सेवा में कार्यरत है तथा राज्य सरकार के नीति राजकीय सेवा में कार्यरत पति–पत्नी को यथा संभव एक ही स्थान पर अथवा निकटतम स्थान पर रखे जाने की है, जिसका पालन यह आदेश नहीं कर रहा है। उनका आगे यह भी तर्क है कि अपीलार्थी की माता पिछले 5 साल से पेरेलाईसिस

की बीमारी से पीड़ित है, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी केवलमात्र अपीलार्थी पर है। अतः 89 किमी. दूर स्थानांतरण से अपीलार्थी को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

3. हमने विद्वान् अधिवक्ता की बहस सुनी। बहस के दौरान अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता द्वारा यह अनुरोध किया गया कि अपीलार्थी द्वारा प्रत्यर्थी विभाग के समक्ष अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करने पर प्रत्यर्थी विभाग द्वारा नियमानुसार अभ्यावेदन का निस्तारण करने के आदेश प्रदान किए जावे। प्रत्येक कार्मिक को यह अधिकार प्राप्त है कि वह सेवा संबंधी अभाव अभियोग निवारण हेतु अपने नियोक्ता को अभ्यावेदन प्रस्तुत करें।

4. अतः प्रस्तुत अपील के तथ्यों के संबंध में गुणावगुण पर विचार नहीं करते हुए तथा अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता के स्वयं के अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुए न्यायहित में यह आदेश दिया जाता है कि अपीलार्थी आगामी 2 सप्ताह की अवधि में विभाग के सक्षम प्राधिकारी को अपनी अपील में वर्णित तथ्यों के संबंध में अभ्यावेदन प्रस्तुत करे। सक्षम प्राधिकारी को यह निर्देश दिये जाते है कि वह पूर्वोक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने पर उसे राज्य सरकार व विभाग के दिशा–निर्देशों/परिपत्रों/नियमों के परिप्रेक्ष्य में आगामी 4 सप्ताह की अवधि में नियमानुसार आख्यात्मक आदेश (Speaking Order) प्रसारित कर अभ्यावेदन को निस्तारित करे और ऐसे निस्तारण की सम्यक् सूचना अपीलार्थी को दे। यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त निर्देश अभ्यावेदन को विशिष्ट रूप से निस्तारित करने के लिए नहीं दिए जा रहे है वरन् मात्र इस आशय से दिए जा रहे है कि अपीलार्थी के अभ्यावेदन का उक्त निर्देशित अवधि में नियमानुसार निस्तारण किया जावे।

5. अतः उक्त अपील, मय स्थगन प्रार्थना पत्र, ग्राह्यता के प्रक्रम पर ही उपर्युक्त निर्देश के साथ अन्तिम रूप से निस्तारित की जाती है।

(शुचि शर्मा)
सदस्य

(अनन्त भंडारी)
सदस्य (न्यायिक)